भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 3974
उत्तर देने की तारीख 12 अगस्त, 2026

भारतनेट परियोजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ को आवंटित निधि

3974. **श्री बृजमोहन अग्रवाल:**

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:
(क) भारतनेट परियोजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ को आवंटित कुल निधि का जिला-वार ब्यौरा क्या है और अब तक प्रत्येक चरण-वार (चरण I, II, और III) जारी की गई निधि और किए गए व्यय का ब्यौरा क्या है;
(ख) छत्तीसगढ़ में ओएफसी केबल से जुड़े गांवों की सूची क्या है तथा पूर्ण रूप से कार्यशील गांवों की संख्या का प्रत्येक चरण-वार (चरण I, II, और III) और जिला-वार ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि 'चिप्स' और टाटा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड के बीच विभिन्न विवादों के कारण ओएफसी से जुड़ी छत्तीसगढ़ की कई ग्राम पंचायतें गैर-कार्यशील बनी हुई हैं और उक्त मुद्दे को सुलझाने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं;
(घ) आज की तिथि के अनुसार प्रत्येक चरण (चरण I, II और III) में भारतनेट के अंतर्गत आवंटित राशि और किए गए व्यय का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है; और
(ङ.) देशभर में प्रत्येक चरण-वार (चरण I, II, और III) भारतनेट से सक्रिय रूप से जुड़ी ग्राम पंचायतों की सूची का राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर
संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)

(क) से (ङ) दिनांक 30.06.2026 तक, छत्तीसगढ़ राज्य के लिए भारतनेट चरण I, II और संशोधित भारतनेट कार्यक्रम (एबीपी) के तहत आवंटित कुल निधि 2,757 करोड़ रुपये है। भारतनेट चरण I, II और एबीपी के तहत आवंटित निधि का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्योरा **अनुबंध-I** पर है।

छत्तीसगढ़ राज्य में भारतनेट चरण I और II के तहत कुल 9,681 ग्राम पंचायतों (जीपी) को ओएफसी (ओएफसी) से जोड़ा गया था। दिनांक 30.06.2026 तक राज्य में कुल 833 ग्राम पंचायतें कार्यशील (ऑपरेशनल) हैं। छत्तीसगढ़ में ओएफसी से जुड़ी ग्राम पंचायतों का जिला-वार ब्योरा **अनुबंध-II** में दिया गया है। भारतनेट चरण I, II और एबीपी के तहत जुड़ी ग्राम पंचायतों की राज्य-वार सूची **अनुबंध-III** पर है।

भारत सरकार ने मौजूदा भारतनेट नेटवर्क को अपग्रेड करने, शेष ग्राम पंचायतों (जीपी) में नेटवर्क के निर्माण और ग्राम पंचायतों में नेटवर्क के संचालन एवं रखरखाव (ऑपरेशन एंड मेंटेंन्स) के लिए डिज़ाइन, निर्माण, संचालन और रखरखाव डिजाइन, बिल्ट, ऑपरेट एंट मेंटेन मॉडल के तहत एबीपी को अनुमोदन प्रदान किया है। भारत सरकार ने राज्य आधारित मॉडल के तहत एबीपी के कार्यान्वयन के लिए छत्तीसगढ़ सरकार को सैद्धांतिक अनुमोदन प्रदान किया है। छत्तीसगढ़ सरकार ने सूचित किया है कि एबीपी के कार्यान्वयन के लिए 'छत्तीसगढ़ स्टेट भारतनेट इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड' नामक एक नया विशेष प्रयोजन साधन (एसपीवी) गठित किया गया है।

अनुबंध-I

भारतनेट चरण-I,II और एबीपी के तहत राज्य/संघ राज्य क्षेत्र वार वितरित धन राशि का ब्योरा (30.06.2026 तक)

(राशि करोड़ रूपए में)

	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम	**चरण-I**	**चरण II**	**एबीपी**	**कुल**
1	अंडमान और निकोबार	17	15	3	35
2	आंध्र प्रदेश	301	1,469	45	1,814
3	असम	178	91	175	444
4	बिहार	506	1,088	522	2,116
5	**छत्तीसगढ़**	**560**	**2,065**	**132**	**2,757**
6	गुजरात, डी एंड एन, दमन और दीव	505	3,300	210	4,015
7	हरियाणा	395	238	287	919
8	हिमाचल प्रदेश	85	40	167	292
9	जम्मू और कश्मीर (लद्दाख सहित)	77	218	202	497
10	झारखंड	302	788	118	1,207
11	कर्नाटक	673	562	889	2,124
12	केरलम	60	196	234	490
13	मध्य प्रदेश	1,749	2,053	1,111	4,913
14	महाराष्ट्र	1,779	3,578	564	5,920
15	एनई-I (मेघालय, मिजोरम और त्रिपुरा)	215	54	25	294
16	एनई-II (अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर और नागालैंड)	216	138	135	489
17	ओडिशा	541	748	165	1,454
18	पुडुचेरी	5	5	4	14
19	पंजाब (चंडीगढ़ सहित)	386	1,020	430	1,836
20	राजस्थान	1,023	653	882	2,558
21	सिक्किम	15	72	3	91

22	तमिलनाडु	11	1,357	2	1,370
23	तेलंगाना	231	1,914	75	2,220
24	उत्तर प्रदेश	1,769	3,566	1,412	6,747
25	उत्तराखंड	277	70	287	634
26	पश्चिम बंगाल	439	183	454	1,076
27	अन्य (एनओसी, बीबीएनएल प्रशासनिक व्यय और अन्य केंद्रीय स्तर के व्यय आदि)		2,652	315	2,967
	कुल	**12,315**	**28,132**	**8,847**	**49,294**

अनुबंध-II

भारतनेट चरण- I और चरण-II के तहत छत्तीसगढ़ में ओएफसी से जुड़ी ग्राम पंचायतों का जिलावार ब्योरा

जिला	**कुल**
बालोद	405
बालोदा बाज़ार	567
बलरामपुर	339
बस्तर	292
बेमेतरा	353
बीजापुर	78
बिलासपुर	436
दांतेवाड़ा	91
धमतरी	317
दुर्ग	290
गरियाबंद	252
गौरेला पेंड्रा मारवाही	150
जांजगीर-चंपा	621
जशपुर	411
कबीरधाम	427
कान्केर	391
कोंडागांव	251
कोरबा	296
कोरिया	233
महसमुंद	480
मुंगेली	319
नारायणपुर	48
रायगढ़	702
रायपुर	393
राजनंदगांव	676
सुकमा	70
सुरजपुर	406
सुरगुजा	387
कुल	**9,681**

अनुबंध-III

भारतनेट चरण-I और चरण-II और एबीपी के तहत जुड़ी ग्राम पंचायतों की राज्य वार सूची
(30.6.2026 तक)

क्र.सं.	राज्य	भारतनेट चरण I और II के तहत जुडी ग्राम पंचायतें	एबीपी के तहत अपग्रेड ग्राम पंचायतें
1	अंडमान और निकोबार	72	62
2	आंध्र प्रदेश	12,955	0
3	अरुणाचल प्रदेश	1,124	3
4	असम	1,507	0
5	बिहार	8,340	1,200
6	छत्तीसगढ़	9,695*	0
7	डीएनएच और डीडी	38	5
8	गोवा	0	0
9	गुजरात	14,320	0
10	हरियाणा	6,082	0
11	हिमाचल प्रदेश	410	739
12	जम्मू और कश्मीर	1,101	295
13	झारखंड	4,390	0
14	कर्नाटक	6,084	344
15	केरलम	978	7
16	लद्दाख	193	2
17	मध्य प्रदेश	17,850	1,728
18	महाराष्ट्र	24,575	0
19	मणिपुर	1,475	3
20	मेघालय	698	0
21	मिज़ोरम	540	0
22	नागालैंड	236	16
23	ओडिशा	6,785	0

24	पुडुचेरी	98	109
25	पंजाब	12,680	3,069
26	राजस्थान	8,776	0
27	सिक्किम	35	0
28	तमिलनाडु	10,886	0
29	तेलंगाना	10,833	0
30	त्रिपुरा	740	0
31	उत्तर प्रदेश	46,746	4,010
32	उत्तराखंड	1,993	1,507
33	पश्चिम बंगाल	2,677	395
कुल		**2,14,912**	**13,494**

* **सैटेलाइट के माध्यम से जुड़ी** 14 **ग्राम पंचायतें शामिल हैं।**

*****